वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 02 दिसंबर 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सामान्य प्रवेश परीक्षा छात्रों को देगी समान अवसर

यू॰जी॰सी॰ की पहल पर विश्वविद्यालय शीघ्र करें सामान्य प्रवेश की तैयारी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा सभी विश्वविद्यालयों को लिखे गए पत्र में सभी केंद्रीय विश्वविद्यालय में सामान्य प्रवेश परीक्षा कराने की बात का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वागत करती है।

विद्यार्थी परिषद पहले से ही केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सभी छात्रों को समान अवसर दिलाने के लिए प्रवेश परीक्षा की माँग कर रही थी। पिछले वर्ष भी अभाविप ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सामान्य प्रवेश परीक्षा की माँग करी थी परंतु कुछ विश्वविद्यालयों में कोरोना के कारण यह सम्भव नहीं हो पाया था।

विगत कुछ वर्षों में केंद्रीय विश्वविद्यालयों के नामांकन प्रक्रिया में हाई कट ऑफ के कारण बहुत से छात्र नामांकन से वंचित रह गए थे। प्रवेश परीक्षा होने से देश के सभी छात्रों को एक समान अवसर प्राप्त होगा। इस कदम से सुदूर ग्रामीण परिवेश से आने वाला छात्र भी देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में अपनी प्रतिभा के आधार पर पढ़ाई पूर्ण कर सकेंगे।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि "राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी एक केंद्रीकृत नामांकन प्रक्रिया की बात की गई थी जिसे अभी मंजूरी दी गयी है। पिछले साल ही प्रवेश परीक्षा होनी थी लेकिन कोरोना के कारण यह नहीं हो पाई थी। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में एक अहम योगदान देगा जो कि सराहनीय है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)